दिन– शुक्रवार दिनांक– 21 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारत सहित विश्व में योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दुनिया योग को वैश्विक हित के शक्तिशाली तंत्र के रूप में देखती है।

02. सर्वोच्च न्यायालय का नीट–स्नातक दो हजार चौबीस काउंसलिंग पर रोक लगाने से एक बार फिर इनकार। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी।

03. जानी–मानी निशानेबाज श्रेयसी सिंह का पेरिस ओलम्पिक के लिए चयन।

04. और, राज्य में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून भागलपुर और रक्सौल से गुजर रहा है। सहरसा के सत्तरकटैया में सबसे अधिक एक सौ सड़सठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

---

भारत सहित दुनियाभर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है– स्वयं और समाज के लिए योग। इस अवसर पर मुख्य समारोह श्रीनगर के शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर सात हजार से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर में योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि योग आज शोध का विषय बन गया है और कई शोध पत्र पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक कल्याण के एक शक्तिशाली तंत्र के रूप में देख रही है।

–––बाईट–––

पिछले दस वर्ष में योग के विस्तार पर, प्रधानमंत्री ने एक नई योग अर्थव्यवस्था के बारे में बात की और योग पर्यटन के प्रति बढ़ते आकर्षण और लोगों की योग सीखने के लिए भारत आने की इच्छा का उल्लेख किया।

–––बाईट–––

बीते दस वर्षों में योग का ये जो विस्तार हुआ है। उससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली है। योग अब सीमित दायरे से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नई योग इकोनॉमी को आगे बढ़ने में देख रही है। आप देखिए भारत में विश्व के काशी से लेकर केरल तक योग नियम का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि योग केवल विद्या नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नये रास्ते बना रहा है।

–––बाईट–––

————————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग विश्व के हर कोने में पहुंचा है। श्री नड्डा ने लोगों से स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का आग्रह किया।

–––बाईट–––

ये योग की विधा जो हमारे देश तक सीमित थी। आज दुनिया के कोने–कोने तक पहुंची है और सभी लोग इसमें अपने आपको शामिल कर रहे हैं। मैं आज के दिन आप सब लोगों से यह आह्वान करूगां कि अपने दैनिक जीवन में योग के अभ्यास को अपना जीवन का भाग बनाएं।

————————————————————————————

प्रदेश में योग दिवस पर कई कार्यक्रम और योग सत्रों का आयोजन किया गया। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि पंचायत और गांव स्तर पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के नेतृत्व में राजभवन परिसर में कर्मियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर विश्व योग दिवस को यादगार बनाया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने समस्तीपुर ज़िले के सरायरंजन में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय में इस अवसर पर योगाभ्यास के विशेष सत्र आयोजित किये गये। दानापुर स्थित बिहार रेजिमेंटल सेंटर में सेना के जवानों, अग्निवीरों और अधिकारियों समेत आम लोगों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया। आकाशवाणी पटना के परिसर में भी योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

इधर, आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित, पाटलिपुत्र खेल परिसर में योग समारोह का आयोजन किया गया। यहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों से योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का परिणाम है, जिसकी बदौलत पूरी दुनिया ने योग को अपनाया है।

————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी की इस वर्ष की काउंसलिंग प्रक्रिया रोकने से इनकार कर दिया है और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नोटिस भेजा है। न्यायालय ने नई याचिकाओं को मौजूदा याचिकाओं के साथ जोड़ दिया और सुनवाई की तारीख आठ जुलाई तय की है। यह फैसला इस मामले पर परीक्षा को लेकर चल रही कानूनी चुनौतियों के बीच आया है।

———————————————————————————

जानी–मानी निशानेबाज श्रेयसी सिंह का फ्रांस की राजधानी पेरिस में छब्बीस जुलाई से शुरू होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए चयन किया गया है। श्रेयसी सिंह जमुई से भाजपा विधायक हैं। वह पूर्व में राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी हैं। श्रेयसी सिंह ओलंपिक में भारत की तरफ से ट्रैप निशानेबाजी में हिस्सा लेंगी। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने आज इक्कीस सदस्यीय निशानेबाजी दल का ऐलान किया है, जिसमें श्रेयसी सिंह का भी नाम शामिल है। चयन के बाद आकाशवाणी से बात करते हुये श्रेयशी सिंह ने कहा कि बिहार और देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर वह गौरान्वित महसूस कर रही हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांडों में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

———बाईट———

ऑल इंडिया रेडियो को वीडियो कैटेगरी में सबसे भरोसेमंद चौनल माना गया है। ऑल इंडिया रेडियो और प्रसार भारती का मोटो है भरोसा सच का, सच के अलावा कुछ नहीं दिखाते हैं, कुछ नहीं चलाते हैं। सारे दर्शकों को मैं बधाई देना चाहूगां, जो हमारे रेडियो के साथ जुड़े हुए हैं और कर्मचारी को, अधिकारियों को विशेष रूप से बधाई। ये जो भरोसा है देश का, दुनिया का, ऑल इंडिया रेडियो के इस भरोसे को हम लोग आगे भी कायम रखेंगे।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। इस बार मॉनसून का आगमन निर्धारित समय से लगभग एक सप्ताह देरी से हुआ है। अगले दो से तीन दिनों में मॉनसून के राज्य के हर हिस्से में पहुंचने की संभावना है। मॉनसून के प्रवेश करते ही राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों

के दौरान सहरसा जिले के सत्तरकटैया प्रखंड में सर्वाधिक एक सौ सडसठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। सहरसा से हमारी संवाददाता ने बताया है कि भारी बारिश से कई निचले इलाके जलमग्न हो गये हैं।

———बाईट———

वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में भी हल्की से मघ्यम वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर और उत्तर–पश्चिमी भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, कैमूर जिले के अधौरा थाना क्षेत्र के पड़वनिया जंगल में बारिश के दौरान वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई।

———————————————————————————

रूपौली विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन कार्य समाप्त हो गया है। नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित की गयी है। अब तक जदयू के कलाधर मंडल, राजद की बीमा भारती और तीन निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। मतदान दस जुलाई को होगा जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने औरंगाबाद के नव निर्वाचित सांसद अभय कुमार कुशवाहा को लोकसभा में पार्टी संसदीय दल का नेता घोषित किया है। पार्टी ने लोकसभा में मुख्य सचेतक के पद पर सुरेंद्र प्रसाद यादव को नियुक्त किया है। सुरेंद्र यादव जहानाबाद से सांसद चुने गए हैं। वहीं, फैयाज अहमद को राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल का नेता बनाया गया है।

———————————————————————————

जमालपुर–भागलपुर रेल खंड पर पाटम और रतनपुर स्टेशन के बीच डाउन रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर दो छात्रा की मौत हो गई।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के बरसाम गांव में एक तालाब से मिट्टी खुदाई के दौरान उमा महेश्वर की कर्णाटकालीन मूर्ति मिली है। विशेषज्ञों के अनुसार मूर्ति लगभग सात से आठ सौ साल पुरानी है।

———————————————————————————

कैमूर जिले में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश ने दोषी को बीस वर्ष की सश्रम कारावास और सत्तर हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. भारत सहित विश्व में योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दुनिया योग को वैश्विक हित के शक्तिशाली तंत्र के रूप में देखती है।

02. सर्वोच्च न्यायालय का नीट–स्नातक दो हजार चौबीस काउंसलिंग पर रोक लगाने से एक बार फिर इनकार। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी।

03. जानी–मानी निशानेबाज श्रेयसी सिंह का पेरिस ओलम्पिक के लिए चयन।

04. और, राज्य में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून भागलपुर और रक्सौल से गुजर रहा है। सहरसा के सत्तरकटैया में सबसे अधिक एक सौ सड़सठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।